राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन

स्वच्छता के लिए लोगों को किया जागरूक

पाकुड़। हिटी डीपीएस स्कूल में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के विभाग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण उद्देश्य समझाते हुए बताया कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ-सफाई की स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी। आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन मनाए जाने वाला त्योहार नही, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अंग है। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के वक्तव्य को दोहराते हुए कहा कि स्वच्छता एक बार का लक्ष्य नहीं बल्कि एक सतत यात्रा है।

प्लस टू उच्च विद्यालय शहरग्राम में स्कूल की सफाई करते छात्र व शिक्षक ।

हिरणपुर में स्वच्छता का शपथ लेते कर्मी

लोगों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथः हिरणपुर में डीसी के आह्वान में स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से पीएमयू मेंबर महेन्द्रनाथ शील, पंचायत समिति सदस्य विकास दास द्वारा हिरणपुर सुभाष चौक की प्रतिमा पर खड़े होकर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। साथ ही आमजनों को स्वच्छता को लेकर शपथ भी दिलाई गई। वहीं सभी ने प्रतिमा की साफ-सफाई भी किया।

कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

पाकुड़िया प्रखंड परिसर में शुक्रवार को बीडीओ सोमनाथ बनर्जी की अगुवाई में सभी प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी को अपने घरों के आस पास, गांव, पंचायत, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन सहित सभी सार्वजनिक स्थलों को हमेशा साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में अपनी अहम भूमिका अदा करने का निर्देश दिया गया।

बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक

महेशपुर प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय शहरग्राम परिसर में जलसहिया रुक्मिणी देवी के द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वस्थ आदतें और साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष सत्र आयोजित किया। छात्राओं को भस्मक के उपयोग के सही तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षक लोकेश चंद्र साहा, लक्ष्मी गुप्ता, बिरेंद्रनाथ साहा, छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई।

ओलंपियाड में सफल प्रतिभागी

15वें वित्त योजना के कार्य को बरकरार रखें: डीसी